भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
03.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 494 का उत्तर

मेरठ में नई रेलवे लाइनें

494. श्री अरुण गोविल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश के मेरठ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में नई रेलवे लाइनों का निर्माण कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि वर्तमान में उक्त नई रेलवे लाइनों पर निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ग) क्या सरकार ने उक्त परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा तय की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): रेल परियोजनाओं के सर्वेक्षण/स्वीकृति/निष्पादन क्षेत्रीय रेल-वार किए जाते हैं न कि राज्य-वार/निर्वाचन क्षेत्र-वार क्योंकि रेल परियोजनाएं राज्यों की सीमाओं के आर-पार फैली हो सकती हैं। रेल परियोजनाओं को लाभप्रदता, यातायात अनुमानों, अंतिम छोर संपर्कता, मिसिंग लिंक और वैकल्पिक मार्गों, संकुलित/संतृप्त लाइनों के संवर्धन, राज्य सरकारों, केन्द्रीय मंत्रालयों, संसद सदस्यों, अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई मांगों, रेलवे की परिचालनिक आवश्यकताओं, सामाजिक-आर्थिक महत्व आदि के आधार पर स्वीकृत किया जाता है जो चालू परियोजनाओं के थ्रो-फॉरवर्ड और निधियों की समग्र उपलब्धता पर निर्भर करता है।

मेरठ क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए, मेरठ-मुजफ्फरनगर (55.47 कि.मी.) के बीच दोहरीकरण का काम हाल ही में पूरा हो गया है।

****